भागीरथी बाल शिक्षा सदन सेकेन्डरी स्कूल

विषय – संस्कृत (व्याकरण)

कक्षा – VI

दत्तकार्य – वर्कशीट – 1

## संस्कृत व्याकरणम् : संक्षिप्त परिचय

संस्कृत भाषा विश्व की प्राचीनतम भाषा है। तथा इसका व्याकरण पूर्णतया वैज्ञानिक, शुद्ध एवं परिष्कृत है।

## लिंग

संस्कृत में तीन लिंग होते हैं

(क) पुलिंग (ख) स्त्रीलिंग (ग) नपुंसकलिंग

(क) पुल्लिंग :- बालकः, अध्यापकः, छात्रः, अश्वः आदि।

(ख) स्त्रीलिंग :- बालिका, अध्यापिका, नदी आदि।

(ग) नपुंसकलिंग :- फलम्, मुखम्, पुस्तकम्, पत्रम् आदि।

लिंग की तरह संस्कृत भाषा में वचन भी तीन होते हैं –

## वचन

- एकवचन — बालकः (एक लड़का)
- द्विवचन — बालकौ (दो लड़के)
- बहुवचन — बालकाः (अनेक लड़के)

जो शब्द 'अ' पर समाप्त हों उन्हें 'अकारान्त' तथा जो 'आ' पर समाप्त हों उन्हें आकारान्त कहते हैं।

## पुरुष

संस्कृत में पुरुष भी तीन प्रकार के होते हैं –

(क) प्रथम या अन्य पुरुष :– यह, वह, किसी का नाम आदि शब्द प्रथम पुरुष या अन्य पुरुष कहलाते हैं।

(ख) मध्यम पुरुष :- तू, तुम आदि।

(ग) उत्तम पुरुष :- मैं, हम, आदि।

Scanned with CamScanner

संस्कृत में 9 कर्त्ता का प्रयोग किया जाता है -

| पुरुष | लिंग | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | पुल्लिंग | सः (वह एक) | तौ (वे दो) | ते (वे सब) |
| | स्त्रीलिंग | सा (वह एक) | ते (वे दो) | ताः (वे सब) |
| | नपुसंकलिंग | तत् (वह एक) | ते (वे दो) | तानि (वे सब) |
| मध्यम पुरुष | तीनों लिंगों मे (एक समान) | त्वम् (तुम) | युवाम् (तुम दो) | यूयम् (तुम सब) |
| उत्तम पुरुष | तीनों लिंगों मे समान | अहम् (मैं) | आवाम् (हम दो) | वयम् (हम सब) |

## उदाहरण

(क) सः बालकः अस्ति । (वह एक बालक है।)

(ख) त्वम् मित्रम् असि । (तुम मित्र हो।)

(ग) तत् पत्रम् अस्ति । (वह एक पत्ता है।)

(घ) अहम् अध्यापिका अस्मि । (मैं अध्यापिका हूँ।)

## प्रश्न

क) संस्कृत भाषा में कितने पुरुष होते हैं ? उनके नाम लिखिए ।

ख) संस्कृत भाषा में कितने वचन होते हैं ? उनके नाम और उदाहरण भी दीजिए ।

ग) स्त्रीलिंग शब्द लिखिए ।
छात्रः , शिक्षकः , बालकः , अध्यापकः

घ) वचन के अनुसार शब्दों का विभाजन करके लिखिए ।
रामः , बाला , फलानि , नदी , कालिका , पुष्पम्
बालकाः , छात्रौ , पत्रे , कमलानि , अश्वौ ।

(ङ) अकारान्त नाम वाले पाँच पशुओं के चित्र बनाकर उनके नीचे उनके नाम लिखिए ।